पंजाब केसरी
फरीदाबाद, गुड़गांव, सोनीपत, रोहतक, दिल्ली
सोमवार MONDAY
7 फरवरी 2011

समाज की सबसे बड़ी बुराई भ्रूणहत्या : राजेन्द्र

ग्रामीणों को सम्बोधित करते राजेन्द्र टोंक व उपस्थित ग्रामीण। (पंकेस)

जांच शिविर में हुई 1500 व्यक्तियों की जांच

खरखौदा, 6 फरवरी (पंकेस): चौपाल कम्युनिटी हैल्थ सैंटर बैंयापुर के तत्वावधान में भठगांव में स्थित विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 1500 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में चश्मे, कानों की मशीन व पीठदर्द के लिए बैल्ट आदि निःशुल्क दी गईं। शिविर के दौरान अल्ट्रासाऊंड, ई.सी.जी., खून टैस्ट आदि की जांच निःशुल्क की गई।

डा. मोनिका ने बताया कि चौपाल संस्था द्वारा अभी तक 100 से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं, जिनसे 3 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचा है। शिविर में संस्था के चेयरमैन एवं प्रख्यात फिजिशियन डा. राजेन्द्र सिंह टोंक के नेतृत्व में जिन चिकित्सकों ने ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की उनमें ऋषि, मंजू तनेजा, रमेश अनेजा, विनू, हेमंत, राकेश, योगेन्द्र, आलम, राजेश, इन्द्रजीत, अभिषेक, संजय व सलीम के नाम शामिल हैं। शिविर से पहले आयोजित स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए डा. राजेन्द्र सिंह टोंक ने कहा कि आज समाज में एक बुराई सबसे अधिक फैल चुकी है वह है कन्या भ्रूणहत्या। उन्होंने कहा कि लड़की 2 घरों को संभालती है। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। हमें लड़कियों को भी लड़कों की तरह उच्च शिक्षा प्रदान करानी चाहिए, ताकि वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

इस अवसर पर उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों में अशोक सरोहा, मेहर सिंह पूर्व सरपंच, कुलदीप, सतबीर, प्राचार्य बलवान सिंह, बिमला देवी, बीरमति दहिया, सुशीला, बिल्लू, रामचन्द्र, जिले सिंह कृष्ण, हरिप्रकाश व सतपाल आदि के नाम शामिल हैं।